तापमान

भोपाल	12.0°	28.0°
इंदौर	12.0°	29.0°
जबलपुर	10.0°	28.0°
ग्वालियर	11.0°	29.0°
सागर	12.0°	28.0°

नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपालः वर्ष 41 अंक 350, पृष्ठ 12)
कार्तिक, शुक्ल दशमी संवत् 2083
गुरूवार, 19 नवम्बर 2026
कीमतः 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com

भोपाल संस्करण

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



राजधानी... चंबल की लहरों पर पर्यटन की नई ...



व्यापार... डालर में तेजी से फीकी हुई सोने-चांदी की ...



खेल... रोहित-कोहली अब एक माह बाद श्रीलंका के खिलाफ ...



देश-विदेश... बांग्लादेश : 16 दिसंबर को हसीना की घर ...

मंत्रिपरिषद बैठक : मप्र में सरकारी नौकरी की दो बच्चों की शर्त खत्म

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश सरकार ने सरकारी नौकरी और सेवा में दो बच्चों की अनिवार्यता से जुड़े प्रावधानों को समाप्त करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बुधवार को मंदसौर के गांधीसागर में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम, 1961 और मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 में संशोधन को मंजूरी दी गई। इस फैसले के बाद दो या दो से अधिक जीवित संतान होने के आधार पर सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ चल रही अनुशासनात्मक कार्रवाई समाप्त हो सकेगी। इसके लिए सिविल सेवा नियम, 1961 के उपनियम (6) और सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 22 में शामिल संबंधित प्रावधान हटाए जाएंगे। इससे उन कर्मचारियों को राहत मिलेगी, जिनके खिलाफ इस नियम के तहत विभागीय कार्रवाई चल रही है।



कैबिनेट ने मंदसौर के बसई में 178 हेक्टेयर में एग्रो पार्क विकसित करने की मंजूरी दी है। इस पर 3,200 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है, जिससे 14 हजार से अधिक रोजगार के अवसर बनेंगे। गरोठ के कुरलासी में 3,500 एकड़ में केमिकल पार्क स्थापित किया जाएगा। इसमें 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश और करीब एक लाख रोजगार सृजन का लक्ष्य है। रतलाम में 453 हेक्टेयर में बायो-फार्मा पार्क विकसित होगा। इसमें 18 हजार करोड़ रुपये के निवेश और 25 हजार रोजगार के अवसर प्रस्तावित हैं। धार के भैंसोला में 341.10 हेक्टेयर में वस्त्र एवं संबंधित उद्योग पार्क बनाया जाएगा। इसके लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी गई है। परियोजना में 6,150 करोड़ रुपये का निवेश और 35 हजार रोजगार का अनुमान है।

उज्जैन में 237 करोड़ रुपये की लागत से 100 एकड़ में डीप-टेक अनुसंधान एवं नवाचार पार्क बनाया जाएगा। वहीं, नौलखी आरक्षित वन क्षेत्र में 210 हेक्टेयर भूमि पर 855 करोड़ रुपये की लागत से फॉरेस्ट जू एवं रेस्क्यू सेंटर विकसित होगा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एमपी एमएसएमई लिमिटेड के गठन को मंजूरी दी गई है। इसके लिए 10 करोड़ रुपये का शुरुआती वित्तीय प्रावधान किया गया है। एमएसएमई अधोसंरचना विकास योजना को 1,507 करोड़ रुपये की लागत से अगले पांच साल तक जारी रखा जाएगा।

ऊर्जा क्षेत्र में ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सोलर परियोजना के दूसरे चरण में 200 मेगावाट की सौर परियोजना और 800 मेगावाट की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित की जाएगी। नशे की तस्करी से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण के लिए भोपाल, इंदौर, मंदसौर, नीमच, सिंगरौली और रीवा में छह विशेष न्यायालय स्थापित होंगे। इसके अलावा मुरैना में श्री राधे विश्वविद्यालय की स्थापना को मंजूरी दी गई है। यह शैक्षणिक सत्र 2027-28 से शुरू होगा।

लश्कर कमांडर लतीफ ढेर

नईदुनिया ब्यूरो, कुलगामः *जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षाबलों ने बुधवार तड़के लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर मोहम्मद लतीफ भट को मुठभेड़ में मार गिराया। ऑपरेशन के दौरान कुलगाम के एसएसपी ने वीडियो कॉल के जरिए उसे आत्मसमर्पण करने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन उसने इनकार कर दिया। इसके बाद वह एक मस्जिद में घुस गया और तड़के करीब 2:45 बजे फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने मस्जिद को नुकसान से बचाते हुए अभियान जारी रखा और उसे ढेर कर दिया। इस हमले में तीन जवान घायल हुए थे। गृह मंत्री अमित शाह ने अभियान की सफलता पर सुरक्षाबलों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और खुफिया एजेंसियों के बेहतरीन तालमेल से यह ऑपरेशन सफल हुआ।*



मोदी बोले- नशे के खिलाफ अभियान चलाने की जरूरत

नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में नशीले पदार्थों के बढ़ते खतरे पर गहरी चिंता जताई है। बुधवार को भारत मंडपम में केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक के दौरान उन्होंने युवाओं को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाने के लिए व्यापक अभियान चलाने का आह्वान किया। करीब साढ़े तीन घंटे चली बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि जिस तरह सामूहिक प्रयासों से देश में नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में सफलता मिल सकती है, उसी तरह मिलकर काम करने से नशे की समस्या को भी जड़ से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने इस चुनौती से निपटने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और प्रभावी प्रयासों पर जोर दिया। बैठक में नशे की समस्या के साथ गरीबी उन्मूलन, नक्सलवाद, वित्तीय सशक्तीकरण और प्रशासनिक सुधारों जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। प्रधानमंत्री ने युवाओं को नशे से बचाने और इस समस्या को पूरी तरह समाप्त करने के लिए समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता बताई।



मप्र में चौथे से छठवें वेतनमान वालों का डीए 5 प्रतिशत बढ़ा

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश सरकार ने चौथे, पांचवें और छठे वेतनमान के कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में वृद्धि की है। चौथे वेतनमान में 20 प्रतिशत अंक और पांचवें व छठे वेतनमान में पांच-पांच प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी की गई है। नई दरें 1 अक्टूबर 2026 से लागू होंगी। बढ़े हुए महंगाई भत्ते का नकद भुगतान नवंबर के वेतन के साथ किया जाएगा। जनवरी से सितंबर 2026 तक का एरियर नवंबर, दिसंबर और जनवरी में तीन किस्तों में दिया जाएगा। इस अवधि में सेवानिवृत्त या दिवंगत हुए कर्मचारियों को एरियर की राशि एकमुश्त मिलेगी। नई दरों के अनुसार छठे वेतनमान में महंगाई भत्ता 257 से बढ़कर 262 प्रतिशत, पांचवें वेतनमान में 332 से बढ़कर 337 प्रतिशत और चौथे वेतनमान में 1465 से बढ़कर 1485 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा नगरीय निकायों के पेंशनरों और परिवार पेंशनरों की महंगाई राहत (डीआर) में भी वृद्धि की गई है। छठे वेतनमान में पांच प्रतिशत और सातवें वेतनमान में दो प्रतिशत अंक की बढ़ोतरी 1 जुलाई 2026 से प्रभावी होगी। सरकार के इस फैसले से करीब 33 हजार कर्मचारी और 18 हजार से अधिक पेंशनर सहित 53 हजार से ज्यादा लोग लाभान्वित होंगे।

बिहार में जदयू नेता के गोल्ड शोरूम से करोड़ों की लूट

बेतिया। बिहार के बेतिया में जदयू नेता राजेश कुशवाहा के गोल्ड शोरूम में हथियारबंद आठ बदमाशों ने दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम दिया। तीन बाइक से पहुंचे बदमाशों ने कर्मचारियों को बंधक बनाकर उनके मोबाइल छीन लिए और 10 से 15 मिनट में कीमती गहने लेकर फरार हो गए। शोरूम स्टाफ ने 30 से 40 करोड़ रुपये के गहने लूटे जाने का दावा किया है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

सोनिया गांधी की नागरिकता विवाद में कोर्ट सख्त

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से जुड़े भारतीय नागरिकता विवाद में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने बुधवार को आईपी एस्टेट थाने के एसएचओ को शिकायत पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट (एटीआर) दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी। यह शिकायत वकील विकास त्रिपाठी ने 24 अगस्त 2025 को दाखिल की थी।

गांजा रखकर फंसाने और वसूली का आरोप

एएसपी-एसडीओपी समेत छह पुलिसकर्मी निलंबित

नईदुनिया ब्यूरो, सिवनीः *मध्यप्रदेश के सिवनी में होटल में ठहरे युवक-युवतियों के बैग में गांजा रखकर झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने और होटल संचालक से हर महीने 50 हजार रुपये की कथित वसूली मांगने का मामला सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर एएसपी, एसडीओपी सहित छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। मामला बाबरिया रोड स्थित होटल सिद्धार्थ का है। होटल संचालक संजय सनोडिया ने आरोप लगाया कि कोतवाली टीआई सतीश तिवारी, एसडीओपी चंचलेश मरकाम और यातायात निरीक्षक विजय तिवारी सहित पुलिसकर्मी उनसे हर महीने 50 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। आरोप है कि होटल में ठहरने वाले बालिग युवक-युवतियों के बैग में गांजा रखकर उन्हें झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी दी जाती थी। होटल संचालक के मुताबिक, 13 नवंबर की शाम के सीसीटीवी फुटेज में एएसपी दीपक मिश्रा, एसडीओपी चंचलेश मरकाम, टीआई सतीश तिवारी सहित छह पुलिसकर्मी होटल के अंदर दिखाई दे रहे हैं।*

